Annual Reports Library Services - www.sansco.net

विजया बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)

VIJAYA BANK

(A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING)

आपका भरोसेमंद साथी

A friend you can bank upon

वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report 2005-06









www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS



श्री प्रकाश पी. मल्या
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
Shri Prakash P. Mallya
Chairman & Managing Director

श्री ए.के. रै
Shri A. K. Rai



श्री मल्लिकार्जुन एस. मदिनूर
Shri Mallikarjuna S. Madinur



श्री पी. कृष्णमूर्ति
Shri P. Krishnamurthy

श्री अशोक कुमार शेट्टी
Shri Ashok Kumar Shetty

श्री टी. वल्लियप्पन
कार्यकारी निदेशक
Shri T. Valliappan
Executive Director



श्री एस.पी. कृष्ण स्वामी
Shri S. P. Krishna Swamy

श्री अशोक कुमार
Shri Ashok Kumar

श्री ए. पद्मनाभ शेट्टी
Shri A. Padmanabha Shetty



प्रो. आर. वैद्यनाथन
Prof. R. Vaidyanathan

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

विषय-वस्तु - CONTENTS

निष्पादन वैशिष्ट्य 2005-06	2	Performance Highlights 2005-06
प्रगति की एक झलक	3	Progress at a Glance
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से	4	From the Chairman & Managing Director
सूचना व टिप्पणियाँ	6	Notice & Notes
निदेशकों की रिपोर्ट	12	Directors' Report
कंपनी शासन पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट	30	Report of the Board of Directors' on Corporate Governance
कंपनी शासन पर लेखापरीक्षकों का प्रमाणपत्र	60	Auditors' Certificate on Corporate Governance
तुलन-पत्र व लाभ-हानि लेखा	62	Balance Sheet and Profit & Loss Account
तुलन-पत्र व लाभ-हानि लेखा के साथ संलग्न अनुसूचियाँ	64	Schedules to Balance Sheet and Profit & Loss Account
महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ	72	Significant Accounting Policies
लेखों पर टिप्पणियाँ	78	Notes on Accounts
नकदी प्रवाह विवरण	96	Cash Flow Statement
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	99	Report of the Auditors
ईसीएस फार्मेट	101	ECS Format
प्रॉक्सी फार्म	103	Proxy Form

Report Junction.com

लेखापरीक्षक
Auditors

मेसर्स राजू एण्ड प्रसाद
M/s. Raju & Prasad

मेसर्स पटेल मोहन रमेश एण्ड कं.
M/s. Patel Mohan Ramesh & Co.

मेसर्स यू. नरैन एण्ड कं.
M/s. U. Narain & Co.

मेसर्स अय्यर एण्ड कं.
M/s. Aiyar & Co.

मेसर्स एम. कुप्पुस्वामी पीएसजी एण्ड कं.
M/s. M. Kuppuswamy PSG & Co.

अंशधारक पंजीयक व अंश हस्तांतरण एजेंट
Registrar & Share Transfer Agent

मेसर्स एम सी एस लिमिटेड
इकाई - विजया बैंक
हार्मोनी, प्लाट नं. 6, सेक्टर -1,
खंडा कालोनी, न्यू पनवेल (प),
जिला. रायगढ़ -410 206, महाराष्ट्र
M/s. M C S Limited
Unit : Vijaya Bank
Harmony, Plot No.6, Sector-1,
Khanda Colony, New Panvel [West],
Dist. Raigad -410 206, Maharashtra
फोन Phone: 022-27492003-10
फैक्स Fax: 022-27492005

विजया बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय
41/2, एम.जी. रोड, बेंगलूर - 560 001.
फोन: 080-2558 4066 (20 लाइनें) फैक्स: 080-2559 8040
वेबसाइट: www.vijayabank.com
ई-मेल: vijbank@vsnl.com

VIJAYA BANK
(A Govt. of India Undertaking)
Head Office
41/2, M.G. Road, Bangalore - 560 001.
Ph: 080 - 2558 4066 (20 lines) Fax: 080 - 2559 8040
Website: www.vijayabank.com
E-mail: vijbank@vsnl.com

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

निष्पादन वैशिष्ट्य 2005-06

लाभ और लाभप्रदता

- निवेश के मूल्यह्रास के लिए 257.36 करोड रु. का प्रावधान करने के बाद, निवल लाभ 126.88 करोड रु. रहा.
- परिचालन लाभ 718.23 करोड रु. रहा.

पूंजी पर्याप्तता

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 11.94% रहा जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट 9% से अधिक है.

कारोबार वृद्धि

- कुल कारोबार 11.09% की वृद्धि अंकित करते हुए 44,771.13 करोड रु. रहा.

जमाराशियां

- कुल जमाराशियों में 8.16% तक यानी; 25,617.98 करोड रु. से 27,709.29 करोड रु. तक इज़ाफा हुआ.
- मांग जमाराशियों में 16.1% तथा बचत बैंक जमाराशियों में 18% तक वृद्धि हुई.

ऋण विस्तार

- कुल अग्रिमों में 16.2% तक यानी; 14682.81 करोड रु. से 17061.84 करोड रु. तक बढत हुई.
- आवास ऋण में 24.8% तक यानी; 2711.99 करोड रु. से 3384.36 करोड रु. तक उन्नति हुई.

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण

- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, निवल ऋण का 43.77% रहा जो 40% के मानदंड से काफी अधिक है.
- कृषि अग्रिमों में 28.5% अर्थात् 1910.99 करोड रु. से 2455.78 करोड रु. तक वृद्धि हासिल हुई.

गैर-निष्पादक आस्तियां

- कुल अग्रिमों की तुलना में कुल एनपीए का प्रतिशत 3.17% रहा.
- निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए का प्रतिशत 0.85% रहा.
- एनपीए कवरेज अनुपात में 73.65% रहा.

कंप्यूटरीकरण

- 309 कारोबार केंद्रों में कोर बैंकिंग समाधान लागू किया गया, जिनके जरिए 64% कारोबार संभाला जाता है.
- 105 नए एटीएम स्थापित किए गए, जिससे एटीएम की कुल संख्या 127 तक बढ़ी है.

शाखा विस्तार

- 13 नई शाखाएं खोली गईं

PERFORMANCE HIGHLIGHTS – 2005-06

Profits & Profitability

- Net Profit amounted to Rs.126.88 Crore, after making provision for diminution in value of investments to the extent of Rs.257.36 Crore.
- Operating profit amounted to Rs.718.23 Crore.

Capital Adequacy

- Capital Adequacy Ratio stood at 11.94% and is above the Reserve Bank of India stipulation of 9%.

Business Growth

- Total business stood at Rs.44,771.13 Crore recording 11.09% increase.

Deposits

- Total deposits grew by 8.16% from Rs.25,617.98 Crore to Rs.27,709.29 Crore.
- Demand deposits grew by 16.1% and Savings Bank deposits grew by 18%

Credit Expansion

- Gross advances grew by 16.2 % from Rs.14682.81 Crore to Rs.17061.84 Crore.
- Housing loan grew by 24.8% from Rs.2711.99 Crore to Rs.3384.36 Crore

Priority Sector Credit

- Priority Sector credit constituted 43.77% of net credit, and is well above the norm of 40%
- Agricultural advances recorded 28.5% increase from Rs.1910.99 Crore to Rs.2455.78 Crore.

Non Performing Assets

- Percentage of gross NPAs to gross advances stood at 3.17%
- Percentage of net NPAs to net advances stood at 0.85%
- NPA coverage ratio stood at 73.65%

Computerisation

- Core Banking Solution implemented at 309 business outlets covering 64% of business.
- 105 new ATMs were installed, thereby increasing the total number of ATMs to 127.

Branch Expansion

- 13 new branches were opened.

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

प्रगति की एक झलक/ PROGRESS AT A GLANCE

(रुपए करोडों में) (Rupees in Crore)

मानदंड PARAMETERS	2003-04	2004-05	2005-06
शाखाओं की संख्या/No. of Branches	866	910	923
पूंजी/Capital	433.52	433.52	433.52
आरक्षिति और अधिशेष/Reserves & Surplus	902.02	1155.67	1235.63
पूंजी पर्याप्तता अनुपात/Capital Adequacy Ratio (%)	14.11	12.92	11.94
सकल लाभ/Gross Profit	865.64	799.80	718.23
निवल लाभ/Net Profit	411.31	380.57	126.88
कुल जमाराशियाँ/Total Deposits	21015.05	25617.98	27709.29
वृद्धि % Increase	23.5	21.9	8.2
सकल अग्रिम/Gross Credit	11335.05	14682.81	17061.84
वृद्धि % Increase	38.5	29.5	16.2
कुल कारोबार/Total Business	32350.10	40300.79	44771.13
वृद्धि % Increase	28.4	24.6	11.1
निवेश/Investments	10836.99	12068.74	11179.70
प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम/Advances to Priority Sector	4776.73	6208.04	7360.61
निवल ऋण के प्रति % to Net Credit	45.5	42.9	43.8
निर्यात ऋण/Export Credit	852.33	704.94	882.83
कुल कर्मचारी/Total Staff	11624	11491	11503
प्रति कर्मचारी औसत कारोबार/Average Business per employee	2.49	3.13	3.69
कंप्यूटरीकृत शाखाओं की संख्या/No of Computerised Branches	462	910	923

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय शेयरधारक,

आपको यह बताने में मुझे बड़ी खुशी हो रही है कि मैंने, 1 अप्रैल, 2006 को बैंक के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की हैसियत से अपना कार्यभार संभाला। वार्षिक रिपोर्ट देखकर आपने गौर किया होगा कि पिछले दो वर्षों के उत्कृष्ट परिणामों के मुकाबले 2005-06 के दौरान आपके बैंक का कार्य निष्पादन, साधारण रहा ।

2004-05 की तुलना में 2005-06 में बैंक के परिचालन निष्पादन के वैशिष्ट्य इस प्रकार हैं :

- बैंक का कुल कारोबार, 11.1% की वृद्धि दर्ज करते हुए, 44,771 करोड़ रु. तक बढ़ा
- कुल जमारशियों में, 8.2% तक, यानी, 25,618 करोड़ रु. से 27,709 करोड़ रु. तक इजाफा हुआ ।
- बचत बैंक जमाराशियों में, 5396 करोड़ रु. से 6369 करोड़ रु. तक 18% की वृद्धि अंकित की गई ।
- कुल जमाराशियों की तुलना में निम्न लागतवाली जमाराशियों का प्रतिशत अंश 32.6% से 35.3% तक उछला ।
- कुल अग्रिमों में, 14683 करोड़ रु. से 17062 करोड़ रु. तक 16.2% की उन्नति हुई ।
- ऋण जमा अनुपात में 57.31% से 61.57% तक सुधार हुआ ।
- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, 7361 करोड़ रु. रहा जो, पिछले वर्ष के 42.9% के मुकाबले निवल ऋण का 43.8% बनता है और 40% के लक्ष्य से काफी अधिक है ।
- कृषि ऋण में, 1911 करोड़ रु. से 2456 करोड़ रु. तक 28.5% की आकर्षक वृद्धि हासिल की गई । वर्ष के दौरान, 68588 नए किसानों को वित्तपोषित किया गया । यह आंकड़ा प्रति ग्रामीण और अर्ध नगरीय शाखा के लिए निर्धारित 100 मानदंडों के मुकाबले 149 किसान बनता है ।
- लघु उद्योग ऋण तथा लघु एवं मझौले प्रतिष्ठान ऋण में, क्रमशः 30.8% और 28.5% की वृद्धि दर्ज की गई ।
- कुल एनपीए अनुपात में, थोडा सा यानी : 2.94% से 3.17% तक इज़ाफा हुआ है, जबकि निवल एनपीए अनुपात में, 0.59% से 0.87% तक बढ़त हुई है ।
- वर्ष के दौरान, 13 नई शाखाएँ खोली गईं और 105 नए एटीएम लगाए गए ।
- 309 कारोबार केन्द्रों में कोर बैंकिंग समाधान लागू किया गया जिनमें कुल कारोबार का 64% कारोबार किया जाता है, जबकि इसे मार्च 2005 में 109 कारोबार केन्द्रों में लागू किया गया, जिनके जरिए कुल कारोबार का 35% कारोबार किया जाता था ।

FROM THE CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR

Dear Shareholders,

It gives me great pleasure to inform you that I have assumed the charge as Chairman & Managing Director of the Bank on 1st April 2006. As you may note from the Annual Report, the performance of your Bank during 2005-06 has been modest as compared to the excellent results of the previous two years.

The highlights of the operational performance of the Bank in 2005-06 as compared to 2004-05 are :-

- Total business of the bank increased to Rs.44,771 Crore recording 11.1% growth.
- Total deposits increased by 8.2% from Rs.25,618 Crore to Rs.27,709 Crore.
- Savings Bank deposits recorded 18.0% increase from Rs.5396 Crore to Rs.6369 Crore.
- The percentage share of low cost deposits to total deposits has gone up from 32.6% to 35.3%.
- Total advances recorded a growth of 16.2% from Rs.14683 Crore to Rs.17062 Crore.
- The credit deposit ratio improved from 57.31% to 61.57%.
- Priority sector credit at Rs.7361 Crore formed 43.8% of net credit as against 42.9% in the previous year and is well above the goal of 40%.
- Agriculture credit recorded excellent growth of 28.5% from Rs.1911 Crore to Rs.2456 Crore. 68588 new farmers were financed during the year. This works out to 149 farmers per rural and semi-urban branch against the norm of 100.
- SSI credit and SME credit recorded 30.8% and 28.5% growth respectively.
- Gross NPA ratio has marginally gone up from 2.94% to 3.17%, while net NPA ratio has increased from 0.59% to 0.87%.
- 13 new branches were opened and 105 new ATMs were installed during the year.
- Core Banking Solution implemented at 309 business outlets covering 64% of business as against 109 business outlets covering 35% of business in March 2005.

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

जैसे कि ऊपर बताया गया है, बैंक की तरफ से कई किस्म की पहल करने के बावजूद 2005-06 के दौरान, आपके बैंक का परिचालन लाभ और निवल लाभ कम रहा । परिचालन लाभ में, 2004-05 के 799.80 करोड़ रु. की तुलना में, 718.23 करोड़ रु. तक गिरावट आई, जबकि निवल लाभ, पिछले वर्ष के 380.57 करोड़ रु. के मुकाबले 126.88 करोड़ रु. रहा । प्रतिभूतियों पर प्रतिफल घटने के कारण, निवेश की कीमत में 257.36 करोड़ रु. की अवनति हुई । स्थाई श्रेणी के निवेश से संबंधित परिशोधन लागत 85.71 करोड़ रु. रहा, एनपीए के लिए 126.75 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया, भा.रि. बैंक के नए मानदंडों के अनुसार, मानक आस्तियों के प्रति 26.51 करोड़ रु. का अतिरिक्त प्रावधान किया गया । इन कारणों से, बैंक का निवल लाभ घटा । जमा लागत में बढ़त तथा अग्रिमों पर प्रतिफल में गिरावट के कारण बैंक के ब्याज विस्तार पर दबाव भी रहा । औसत ब्याज विस्तार में, 2004-05 के 3.76% से 2005-06 में 3.22 तक अवनति हुई ।

आजकल के बैंकिंग महौल में, जिसमें प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और जिसके चलते 'विस्तार' पर दबाव के फलस्वरूप हमारा बल, कारोबार की मात्रा बढ़ाने पर होगा । कारोबार और निवल लाभ बढाने की दिशा में, आपके बैंक ने, कई रणनीतियाँ और कार्य योजनाएँ बना रखी हैं । 2006-07 के लिए हमारी कार्य योजनाओं में से कुछ इस प्रकार हैं, पुरजोर तरीके से अभियान चलाकर निम्न लागतवाली जमाराशियाँ बढाना, गैर निष्पादक अग्रिमों की वसूली पर ज्यादा ध्यान देना तथा विशेष निगरानी खातों पर कड़ी निगरानी रखना, फुटकर ऋण, लघु एवं मझौले प्रतिष्ठानों, कृषि क्षेत्र के लिए अग्रिम देने पर बल देना । मुझे यकीन है कि इससे मुनाफा अवश्य बढ़ेगा ।

मुझे विश्वास है कि आपके समर्थन और सहयोग से, विजया बैंक आगे बढ़कर इस प्लैटिनम जयंती वर्ष में अपना कार्य निष्पादन सुधारेगा ।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

बेंगलूर
5 मई, 2006

प्रकाश पी. मल्या
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक

Despite several initiatives taken by the Bank as highlighted above, your Bank has posted lower operating profit as well as net profit during 2005-06. Operating profit was lower at Rs.718.23 Crore as against Rs.799.80 Crore in 2004-05, while the net profit amounted to Rs.126.88 Crore as against the previous year's Rs.380.57 Crores. Diminution in the value of investments at Rs.257.36 Crore due to hardening of yield on securities, amortization cost pertaining to permanent category investments at Rs.85.71 Crore, provision for NPAs at Rs.126.75 Crore, additional provisioning of Rs.26.51 Crore towards standard assets as per new RBI norms have pulled down the net profit of the Bank. There was also pressure on the bank's interest spread due to rise in cost of deposits and decline in yield on advances. The average interest spread declined from 3.76% in 2004-05 to 3.22% in 2005-06.

In the present day banking environment with increasing competition and consequent pressure on the 'spread', our thrust will be on increasing business volumes. Your Bank has already drawn up several strategies and action plans to step up business growth and net profit. Improving the low cost deposit base through aggressive campaigns, greater focus on recovery of non-performing advances and closer monitoring of special watch accounts, thrust on retail credit, advances to SME, agricultural sector are some of our plans for 2006-07, which I am sure will shore up the bottomline.

I am confident that with your support and co-operation, Vijaya Bank will forge ahead and will improve its performance in this Platinum Jubilee Year.

With warm regards,

Yours sincerely,

Bangalore
5th May, 2006

PRAKASH P. MALLYA
Chairman & Managing Director

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर - 560 001

सूचना

यह नोटिस दी जाती है कि विजया बैंक के शेयरधारकों की छठी वार्षिक सामान्य बैठक,**बुधवार 28 जून, 2006 को प्रातः11.00 बजे** मुल्की सुंदर राम शेट्टी सभागृह, विजया बैंक, प्रधान कार्यालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर - 560 001 में आयोजित की जाएगी जिसमें नीचे उल्लिखित कारोबार किया जाएगा -

साधारण कारोबार

1. 31 मार्च 2006 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा एवं 31 मार्च, 2006 तक के बैंक के तुलन-पत्र पर विचार-विमर्श करना.
2. लेखों से संबंधित अवधि के लिए बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना.
3. तुलन-पत्र और लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना.

निदेशक मंडल के आदेश से

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 05.05.2006

के. गोपालकृष्णन नायर
कंपनी सचिव

नोट:

1. **प्रॉक्सी की नियुक्ति**
   बैठक में भाग लेकर वोट देने के हकदार शेयरधारक, खुद के बजाय बैठक में भाग लेकर वोट देने के लिए किसी प्रॉक्सी को नियुक्त करने का हकदार है और ऐसे प्रॉक्सी को बैंक के शेयरधारक होने की ज़रूरत नहीं है. प्रॉक्सी फार्म तभी प्रभावी होगा जब उसे बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् 23.06.2006 को सायं 5 बजे तक या उससे पहले समापन घंटे से पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा/प्रस्तुत किया गया हो.
2. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**
   कोई भी व्यक्ति, किसी ऐसी कंपनी या कंपनी निकाय के, जो बैंक का शेयरधारक हो, विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने या वोट देने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसकी नियुक्ति करते हुए संकल्प की एक ऐसी प्रतिलिपि जिसे उस बैठक के अध्यक्ष ने, जिसमें उसे पारित किया गया हो, सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित किया हो, बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् 23.06.2006 को सायं 5 बजे तक या उससे पहले समापन घंटे से पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में महा प्रबंधक, विजया बैंक, शेयर प्रभाग और निवेशकर्ता शिकायत कक्ष, प्रधान कार्यालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर-560001 में जमा न किया हो.
3. **उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची**
   शेयरधारकों की सुविधा के लिए इस नोटिस के साथ उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची संलग्न की गयी है. शेयरधारकों/प्रॉक्सी धारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे संलग्न पर्ची भरें और उसमें निर्दिष्ट स्थान में अपने हस्ताक्षर कर उसे बैठक के स्थान में अभ्यर्पित करें. शेयरधारकों के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को चाहिए कि वह उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची पर यह उल्लेख करें कि वह "प्रॉक्सी" है या "प्राधिकृत प्रतिनिधि".

प्रॉक्सी फार्म पर हस्ताक्षर करने और उसे प्रस्तुत करने के लिए अनुदेश :

i) प्रॉक्सी प्रपत्र तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि -

(क) अलग-अलग शेयरधारक के मामले में, उसने अथवा लिखित रूप में विधिवत् प्राधिकृत उसके अटर्नी ने हस्ताक्षर न किए हों.

(ख) संयुक्त धारकों के मामले में, रजिस्टर में प्रथम नामित शेयर धारक ने अथवा लिखित रूप में विधिवत् प्राधिकृत उसके अटर्नी ने हस्ताक्षर न किए हों.

(ग) कंपनी निकाय के मामले में, उसके अधिकारी अथवा लिखित रूप में विधिवत् प्राधिकृत उसके अटर्नी ने हस्ताक्षर न किए हों.

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

Vijaya Bank

Head Office, 41/2, M G Road, Bangalore - 560 001

Notice

Notice is hereby given that Sixth Annual General Meeting of the Shareholders of Vijaya Bank will be held on **Wednesday, the 28th June 2006 at 11.00 a.m.** at the Mulki Sunder Ram Shetty Auditorium, Vijaya Bank, Head Office, Bangalore-560001, to transact the following business:

ORDINARY BUSINESS

1. To discuss and adopt the audited Profit & Loss Account for the financial year ended 31st March 2006 and the Balance Sheet as at 31st March 2006 of the Bank.
2.. To discuss and adopt the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts.
3. To discuss and adopt the Auditors Report on the Balance Sheet and Accounts.

By order of the Board of Directors

Place : Bangalore
Date : 05.05.2006

K. Gopalakrishnan Nair
Company Secretary

NOTES :

1. **Appointment of Proxy**

   A Shareholder entitled to attend and vote at the meeting is entitled to appoint a Proxy to attend and vote instead of himself/herself and such proxy need not be a shareholder of the Bank. The Proxy Form in order to be effective, must be deposited/lodged at the Head Office of the Bank, at least Four days before the date of the Annual General Meeting i.e. on or before the closing hours i.e. 5.00 pm of 23.06.2006.

2. **Appointment of an Authorised Representative:**

   No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorised representative of a company or any other Body Corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the Resolution appointing him/her as a duly authorised representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank with the General Manager, Vijaya Bank, Shares Division & Investors' Grievances Cell, Head Office,41/2, M G Road, Bangalore-560001 at least four days before the date of the meeting, i.e. on or before the closing hours i.e. 5.00 pm of 23.06.2006.

3. **Attendance Slip-cum-Entry Pass:**

   For the convenience of the shareholders, attendance slip-cum-entry pass is annexed to this notice. Shareholders / Proxy Holders / Authorised Representatives are requested to fill in and affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue. Proxy/Authorised Representative of a shareholder should state on the attendance slip-cum-entry pass as 'Proxy' or 'Authorised Representative' as the case may be.

Instructions for signing and lodging the proxy form:

i) No proxy form shall be valid unless,

   a) In the case of an individual shareholder, it is signed by him or by his/ her attorney duly authorised in writing

   b) In the case of joint holders, the shareholder first named in the register or his / her attorney duly authorised in writing.

   c) In the case of a body corporate, signed by its officer or any attorney duly authorised in writing.

www.reportjunction.com

ii) अगर कोई प्रॉक्सी किसी वजह से अपना नाम लिखने की स्थिति में न हो और उसने प्रॉक्सी फार्म में अपना अंगूठा निशान लगाया हो तो उस पर शेयरधारक को ठीक तरह से अपने हस्ताक्षर करने होंगे और किसी न्यायाधीश, मैजिस्ट्रेट, आश्वासन रजिस्ट्रार अथवा उप-रजिस्ट्रार, अन्य सरकारी गज़ट अधिकारी अथवा विजया बैंक के अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित करना होगा.

iii) प्रॉक्सी प्रपत्र के साथ -

(क) ऐसा मुख्तारनामा अथवा अन्य प्राधिकार पत्र (अगर कोई हो), जिसके अंतर्गत उस पर हस्ताक्षर किए गए हों अथवा

(ख) नोटरी पब्लिक अथवा मैजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित मुख्तारनामे अथवा प्राधिकार पत्र की एक प्रतिलिपि बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् 23.06.2006 को सायं 5 बजे तक या उससे पहले समापन घंटे से पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में महा प्रबंधक, विजया बैंक, शेयर प्रभाग और निवेशकर्ता शिकायत कक्ष, प्रधान कार्यालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर-560 001 में जमा करनी होगी.

iv) अगर संबंधित मुख्तारनामा विजया बैंक में अथवा शेयर अंतरण एजेंट के पास पंजीकृत किया गया हो तो मुख्तारनामे की पंजीकरण संख्या और ऐसे पंजीकरण की तारीख का उल्लेख किया जाए.

v) बैंक में जमा किया गया प्रॉक्सी फार्म अपरिवर्तनीय और अंतिम होगा.

vi) वैकल्पिक रूप से दो व्यक्तियों के नाम दिए गए प्रॉक्सी के मामले में एक ही फार्म निष्पादित किया जाएगा.

vii) प्रॉक्सी फार्म निष्पादित करनेवाला शेयर धारक, ऐसे प्रॉक्सी फार्म से संबंधित बैठक में स्वयं वोट देने का हकदार नहीं होगा.

viii) किसी ऐसे व्यक्ति को, जो विजया बैंक का कोई अधिकारी या कर्मचारी हो, विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्राक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा.

ix) प्रॉक्सी फार्म तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि वह '' बी '' फार्म में न हो और उस पर विधिवत् स्टॉम्प न लगाया गया हो.

4. शेयर अंतरण एजेंटों के साथ पत्राचार

शेयरधारकों से अनुरोध है कि अगर उनके पंजीकृत पते में कोई परिवर्तन हो तो उस बारे में नीचे उल्लिखित पते पर बैंक के शेयर अंतरण एजेंट को सूचित करें :

मेसर्स एमसीएस लि.,
यूनिट : विजया बैंक
हार्मोनी,
प्लाट नं.6, सेक्टर-1,
खंडा कालोनी,
न्यू पनवेल (प),
जिला.रायगढ - 410206
टेलीफोन - 022 - 27492003-10

5. शेयरधारकों का रजिस्टर बंद करना

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बुक, सोमवार, 15.05.2006 से शनिवार, 20.05.2006 तक बंद रहेगा जिससे कि वार्षिक सामान्य बैठक में भाग लेने के लिए पात्र शेयरधारक सदस्य की पात्रता का निर्धारण और साथ ही बैंक द्वारा कोई लाभांश घोषित किए जाने पर उसे पाने की शेयरधारकों की पात्रता का निर्धारण किया जा सके.

6. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अगर कोई लाभांश घोषित किया गया हो तो उन शेयरधारकों को, जिनके नाम 15 मई, 2006 को, बैंक के शेयरधारकों के रजिस्टर में दर्शाए गए हों, लाभांश का भुगतान किया जाएगा. ऐसे शेयरधारकों को लाभांश वारंट, बैंक द्वारा शेयर अंतरण एजेंट अर्थात्; मेसर्स एमसीएस लिमिटेड के जरिए, निदेशक मंडल द्वारा लाभांश की घोषणा किए गए दिन से 30 दिनों के अंदर डाक से भेजे जाएंगे.

7. लाभांश वारंट में बैंक खाते के ब्यौरे

वारंटों की धोखाधड़ी से भुनाई रोकने की दृष्टि से, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे, ऐसे ब्यौरे प्रस्तुत करें जैसे; बैंक खाता संख्या(चालू/बचत), उस बैंक और शाखा का नाम जहां वे भुनाई के लिए अपना लाभांश वारंट जमा करना चाहें. लाभांश वारंट के चेक के हिस्से पर शेयरधारक के अलावा बैंक खाते के विवरण मुद्रित होंगे ताकि शेयरधारकों को छोड़कर कोई दूसरा व्यक्ति इन वारंटों की भुनाई न कर सके. हमने, लाभांश का भुगतान करने के लिए इलेक्टॉनिक समाशोधन प्रणाली(ईसीएस) 13 केंद्रों में लागू कर दी है ईसीएस के जरिए लाभांश भुगतान पाने के इच्छुक शेयरधारकों की सहूलियत के लिए हमने ईसीएस का प्रारुप इसके साथ संलग्न किया है.

www.reportjunction.com